अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2016-2017
हिन्दी साहित्य

कक्षा : V
समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

1. शीर्षक तथा कवि का नाम लिखकर कविता की पंक्तियाँ पूरी करें :- **[10]**

शीर्षक..................................

पहले तो................................

....

....................बना..................

....

बापू.......................................

....भर

.............जरा-सी.....................

..................................मुट्ठी से

कवि - ____________________

2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो शब्दों से वाक्य बनाएँ :- **[12+3=15]**

तकदीर, आकर्षित, अनायास, विवश, स्वार्थी, उत्पत्ति,

इंतज़ाम, जुमला, टारगेट, अनिवार्य, हासिल, कस्बा

3. इन प्रश्नों के उत्तर, अंकों के आधार पर लिखें :-

(क) लेखक की भेंट अपने माता-पिता से कब होती थी ? 'बड़ा आदमी' शब्द का प्रयोग करने पर लेखक को क्या लगता था ? **[4]**

(ख) पंडित जी को कब और कैसे लगा कि उन्हें बस गाना ही सीखना है ? अपनी ज़रुरतों को पूरा करने के लिए उन्होंने क्या किया ? **[4]**

(ग) नदियाँ दूषित किस प्रकार होती हैं ? **[4]**

4. निम्न प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखें -

(क) लेखक पूरा मैच क्यों नहीं देख पाया ? **[2]**

(ख) पापा ने लेखक से क्या पूछा ? लेखक के पापा कौन-सा जुमला दोहराया करते थे ? **[2]**

(ग) पानी किससे और क्या आह्वान करता है ? **[2]**

Downloaded From www.icseboard.org

(घ) नमक कानून किसने तोड़ा ? नमक आंदोलन किसके विरोध में था ? [2]

(ङ) पंडित भीमसेन जोशी का जन्म कहाँ हुआ था ? टी० वी० चैनल पर इनका कौन सा गीत बहुत चर्चित हुआ? [2]

5. **एक या दो शब्दों में उत्तर दें :-** [7]

(क) लेखक कहाँ रहते थे ?

(ख) किस दशक में भीमसेन का पहला ग्रामोफोन रेकॉर्ड बना ?

(ग) 2008 में पंडित जोशी को किससे सम्मानित किया गया ?

(घ) पृथ्वी का जीवन चक्र किसके नियमों के अनुसार चलता है ?

(ङ) पंडित जोशी ने सवाई गंधर्व से 'तोड़ी' और 'मुल्तानी' के अलावा और कौन सा राग सीखा ?

(च) "बात आज की" पाठ के लेखक कौन हैं ?

(छ) पृथ्वी के कितने भाग पर पानी पाया जाता है ?

6. **खाली स्थानों को भरें :-** [5]

(क) मैं प्रत्येक प्राणी के __________ का स्त्रोत हूँ ।

(ख) जालंधर में उनकी भेंट मास्टर __________ पटवर्धन से हुई।

(ग) सवाई गंधर्व कर्नाटक में भीमसेन के कस्बे __________ के पास ही रहते थे।

(घ) __________ में एक दिवसीय क्रिकेट का फ़ाइनल मैच था।

(ङ) लाखों नर-नारी तथा बच्चे मेरे __________ रूप के उपभोग से मौत का ग्रास बनते हैं।

7. **किसने, किससे कब और क्यों कहा :-** [6]

(क) "सुबह उठकर टी.वी. पर सुनना कमाल की खबर।"

8. **इन शब्दों को शुद्ध करें :-** [5]

शासत्रीय, उँचाइ, महिनो, जिनहोनें, हिन्दूस्तानी,

वनस्पती, मिट्टि, प्रथवी, ग्रहकार्य, समस्थाँए

9. **पाठ के आधार पर वाक्यों को शुद्ध करें एवं पाठ का नाम अवश्य लिखें :-** [10]

(क) मेरी माँग निरंतर घटती जा रही है ।

(ख) मैदानों में आप अनजाने में मुझे बहुत मात्रा में बेकार गँवा देते हैं ।

(ग) इसके बाद मेरे दिमाग में आया था कि इन लोगों के भी खूब मज़े हैं।

(घ) उन्होंने भीमसेन को इधर-उधर भटकने की जगह सवाई गंधर्व का गुरु बनने की सलाह दी ।

(ङ) फिर मेरा ध्यान इधर गया कि अगर हमारे पढ़ने-लिखने का इंतज़ाम स्कूल में ही हो जाए तो कोई समस्या ही न रहे।

Downloaded From www.icseboard.org